पृथ्वी दिवस

22 अप्रैल, 2022 को पृथ्वी दिवस की 52वीं वर्षगाँठ मनाई गई। पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण के लिये समर्थन का संकल्प लेने हेतु दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है।

- पृथ्वी दिवस, 2022 की थीम **"हमारे ग्रह में निवेश करें"** (**Invest In our Planet**) है।

प्रमुख बिंदु

- **पृष्ठभूमि:** प्रथम बार पृथ्वी दिवस वर्ष 1970 में मनाया गया था। इसकी शुरुआत अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन (Gaylord Nelson) के उस आह्वान के बाद हुई जिसके फलस्वरूप लगभग 20 मिलियन लोग पर्यावरणीय गिरावट के विरोध में सड़कों पर उतरे थे।
  - इसे वर्ष 1969 की **सांता बारबरा(Santa Barbara)** में तेल रिसाव की घटना के साथ-साथ स्मॉग और प्रदूषित नदियों जैसे अन्य मुद्दों ने बढ़ावा दिया।
  - संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2009 में 22 अप्रैल को **'अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस'** ('International Mother Earth Day) के रूप में मनाने की घोषणा की।

पृथ्वी दिवस के विषय में:

- पृथ्वी दिवस को वैश्विक स्तर पर एक गैर-लाभकारी संगठन EARTHDAY.ORG द्वारा समायोजित किया जाता है। इसे पहले**अर्थ डे नेटवर्क** (Earth Day Network) के रूप में जाना जाता था।
  - इसका उद्देश्य **"लोगों और पृथ्वी में परिवर्तनकारी बदलाव लाने हेतु विश्व के सबसे बड़े पर्यावरण आंदोलन का निर्माण करना है।"**
  - यह एक सामूहिक ज़िम्मेदारी को स्वीकार करता है, जैसा कि वर्ष **1992 के रियो घोषणापत्र (पृथ्वी शिखर सम्मेलन)** में प्रकृति और पृथ्वी के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के लिये कहा गया है ताकि मानवता की वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों की आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके।
  - गौरतलब है कि इसके अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के कारण वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जलवायु परिवर्तन से निपटने हेतु ऐतिहासिक पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर के लिये पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल, 2016) के दिन को ही चुना गया था।

अन्य महत्त्वपूर्ण दिवस:

- 22 मार्च: विश्व जल दिवस
- 22 अप्रैल: **पृथ्वी दिवस**
- 22 मई: अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस
- 5 जून: विश्व पर्यावरण दिवस
- अर्थ ओवरशूट डे

अर्थ आवर:

- अर्थ आवर' वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर (WWF) की वार्षिक पहल है, जो वर्ष 2007 में शुरू हुई थी। यह प्रतिवर्ष मार्च माह के अंतिम शनिवार को आयोजित किया जाता है।
- यह 180 से अधिक देशों के लोगों को उनके स्थानीय समय के अनुसार रात 8.30 बजे से रात 9.30 बजे तक लाइट बंद करने के लिये प्रोत्साहित करता है।
- पर्यावरण संरक्षण के लिये इस प्रतीकात्मक आह्वान में ऊर्जा बचाने हेतु गैर-आवश्यक प्रकाश के उपयोग को कम करना है।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, पिछले वर्ष के प्रश्न (पीवाईक्यू):

प्रश्न: 'अर्थ ऑवर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2014)

1. यह यूएनईपी और यूनेस्को की एक पहल है।
2. यह एक आंदोलन है जिसमें प्रतिभागी हर साल एक निश्चित दिन पर एक घंटे के लिये लाइट बंद कर देते हैं।
3. यह जलवायु परिवर्तन और ग्रह को बचाने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु एक अभियान है।

ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (c)

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/earth-day-1